नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



6 बीजेपी के 7 प्रदेशाध्यक्षों का चुनाव कब



5 विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व



8 जैक ड्रेपर ने नाम वापस लिया




7 बेरोजगारी दर 6 साल के निचले स्तर पर

# जस्टिस वर्मा हटाए जाएंगे

**208** से ज्यादा सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर किए हस्ताक्षर | **145** लोकसभा के एमपी ने किए हस्ताक्षर | **63** राज्यसभा सदस्यों ने किए हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली, 21 जुलाई. संसद के मानसून सत्र के पहले दिन ही संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ, जिस वजह से सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा. 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा न होने पर कांग्रेस ने सदन से बॉकआउट किया. जिस कारण अंत में सदन की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया.**




विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाए कि उनकी आवाज को दबाया जा रहा है. सरकार 'ऑपरेशन सिंदूर', महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा से बचना चाह रही है. जिसके बाद संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है. साथ ही इलाहाबाद के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को लेकर भी सोमवार को दोनों सदनों में बड़े फैसले हुए .जिसमें जस्टिस वर्मा के खिलाफ 208 से ज्यादा सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर किए हस्ताक्षर हैं.

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों और राज्य सभा के 63 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं. निचले सदन में अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत नोटिस दिए गए हैं.

इसी बीच भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, "न्यायपालिका की ईमानदारी, पारदर्शिता और स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित होगी, जब न्यायाधीशों का आचरण अच्छा होगा. आरोप संगीन थे और ऐसे में महाभियोग के लिए नोटिस दिया गया है. हमने आग्रह किया है कि कार्यवाही जल्द शुरू होनी चाहिए." सत्र के दौरान हुए अहमदाबाद विमान हादसे में 270 मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी. बताया जा रहा है कि लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर अगले हफ्ते 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी. सूत्रों के अनुसार सरकार भी जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लाने जा रही है. राजनाथ सिंह के कमरे में सभी सांसदों को बुलाकर उनसे हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं. साथ ही सभी सांसदों का हर हालत में दोनों सदनों में मंगलवार को उपस्थित रहने के लिए भी कहा गया है.

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है. राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद में जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संविधान के अनुच्छेद 217(1)(बी), 218 और 124(4) के अंतर्गत महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस प्राप्त हुआ है, जिस पर राज्यसभा के 50 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं. साथ ही, लोकसभा के 152 सांसदों ने भी इसी मुद्दे पर स्वतंत्र प्रस्ताव दिया है, जिससे यह प्रक्रिया दोनों सदनों में शुरू हो गई है. सभापति धनखड़ ने यह स्पष्ट किया कि चूंकि दोनों सदनों में नोटिस अलग-अलग दिन प्रस्तुत हुआ है, इसलिए प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ेगी.

### विपक्ष को बात रखनी की अनुमति नहीं : राहुल



राहुल गांधी ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सदन में सिर्फ सरकार के लोगों को बोलने दिया जाता है, लेकिन विपक्ष को अपनी बात रखने की इजाजत नहीं है. उन्होंने कहा मैं नेता विपक्ष हूं, सदन में बोलना मेरा हक है लेकिन मुझे भी बोलने नहीं देते हैं.

# बंगलादेश में विमान दुर्घटनाग्रस्त

## विमान हादसे में 19 लोगों की मौत, 164 घायल

**ढाका, 21 जुलाई. बंगलादेश की राजधानी ढाका स्थित एक स्कूल भवन से वायुसेना के एक प्रशिक्षण विमान के टकराने से सोमवार को 19 लोगों की मौत हो गयी और 164 अन्य घायल हो गये.**



हादसे की तस्वीरों में स्पष्ट है कि ढाका के उत्तरी उपनगर उत्तरा स्थित माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के दो मंजिला इमारत से विमान के टकराने के बाद भीषण आग लग गयी. तस्वीरों में इमारत से घना धुआं निकलते दिखाई दे रहा है. बंगलादेश के सशस्त्र बलों ने फेसबुक पर एक बयान में कहा कि स्थानीय समयानुसार अपराह्न 1.00 बजे के बाद प्रशिक्षण अभ्यास के लिए उड़ान भरने के बाद एफ-7 जेट में यांत्रिक खराबी आ गयी. वायुसेना ने बताया कि मृतकों में पायलट भी शामिल है.

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी के एक डॉक्टर ने बताया कि बच्चों और वयस्कों सहित 50 से ज़्यादा लोगों को जख्मी हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया है. कॉलेज के शिक्षक रेजाउल इस्लाम ने बीबीसी बंगला को बताया कि उन्होंने विमान को इमारत से टकराते देखा. एक अन्य शिक्षक मसूद तारिक ने मीडिया को बताया कि उन्होंने विस्फोट की आवाज सुनी. उन्होंने कहा, जब मैंने पीछे मुड़कर देखा, तो मुझे केवल आग और धुआं दिखाई दिया. यहां कई अभिभावक और बच्चे थे. एक छात्र ने कहा कि उसने विमान को इमारत से टकराते देखा. उधर, सशस्त्र बलों के बयान में कहा गया है कि पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम यांत्रिक खराबी के बाद विमान को कम आबादी वाले इलाके में ले जाने की कोशिश कर रहे थे. उन्होंने राजधानी में एक वायुसेना अड्डे से दुर्घटना से थोड़ी देर पहले उड़ान भरी थी. उन्होंने बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि आपातकालीन दल घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं.

बयान में गया है कि घटना की जांच के लिए समिति गठित कर दी गयी है. बंगलादेश की अंतरिम सरकार के नेता मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि घटना के कारणों की जांच के लिए 'आवश्यक कदम' उठाये जायेंगे और पीड़ितों को सभी प्रकार की सहायता सुनिश्चित की जायेगी.

### इंदौर एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट की करवाई आपात लैंडिंग




**इंदौर.** गोवा से इंदौर आ रही इंडिगो एयरलाइंस की एक यात्री उड़ान को सोमवार शाम तकनीकी कारणों के चलते इंदौर एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी. उड़ान के दौरान पायलट को अंडर कैरिज वॉर्निंग का अलर्ट मिला, जिसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल एटीसी से संपर्क कर सभी सुरक्षा मानकों के तहत विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई. फ्लाइट में 140 यात्री सवार थे, जिन्हें सकुशल विमान से उतार लिया था. यह नियमित फ्लाइट दोपहर 3.14 बजे गोवा एयरपोर्ट से रवाना हुई थी. इंदौर पहुंचने से पूर्व पायलट को हाइड्रोलिक सिस्टम से संबंधित तकनीकी गड़बड़ी का संकेत मिला. घटना की जानकारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानि कि डीजीसीए को भेजी गई है. खतरे की आशंका को देखते हुए पायलट ने तुरंत एटीसी को स्थिति से बताई, इंदौर एयरपोर्ट पर आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड, मेडिकल और टेक्निकल टीम को अलर्ट पर रख दिया था, शाम 5.08 बजे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग सफलता पूर्वक करवाई. (शेष पृष्ठ 12 पर)

### एक नजर में



#### पूर्व सीएम अच्युतानंदन का निधन

**नयी दिल्ली.** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वी. एस अच्युतानंदन का 101 वर्ष की आयु में सोमवार को तिरूवनंतपुरम निधन हो गया. सीपीआई (एम) ने ये जानकारी दी है. माकपा के वरिष्ठ नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन लंबे समय से बीमार चल रहे थे और अस्पताल में भर्ती थे. 101 वर्षीय अच्युतानंदन को 23 जून को घर पर संदिग्ध हृदयाघात के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जनवरी 2021 में प्रशासनिक सुधार समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद से वे तिरुवनंतपुरम में अपने बेटे या बेटी के घर पर रह रहे थे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री कम्युनिस्ट नेता वी.एस. अच्युतानंदन के निधन पर शोक व्यक्त किया है.

#### रेलवे के आठ पूर्व कर्मियों को पांच वर्ष की सजा

**नयी दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अहमदाबाद स्थित अदालत के विशेष न्यायाधीश ने रेलवे पेपर लीक मामले में सोमवार को आठ आरोपियों को पाँच-पाँच वर्ष के साधारण कारावास और पांच-पांच लाख रुपये के जुर्माने की सज़ा सुनाई. ये सभी रेलवे के पूर्व कर्मचारी हैं और इन्हें यह सजा आपराधिक षडयंत्र, चोरी, चोरी की संपत्ति को बेईमानी से प्राप्त करने या रखने, अपराध के साक्ष्य को गायब करने और आपराधिक कदाचार के मामले में सुनाई गई है.

### गुस्ताखी माफ




# दुनिया ने देखी भारत की ताकत : मोदी

**नयी दिल्ली, 21 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य को देखा है और संसद का यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए गौरव और एक तरह से विजय उत्सव का मौका है.**



मोदी ने मॉनसून सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं के समक्ष अपने पारम्परिक संबोधन में उन्होंने कहा पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तिरंगा फहराना भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि है,साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में है और महंगाई दर जो कभी डबल डिजिट में थी, अब 2 प्रतिशत पर है.,नक्सवाद से भारत के सैकडों जिलों को मुक्ति मिली है. मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट के भीतर शत-प्रतिशत आतंकी ठिकानों को जमींदोज किया गया. जिससे पूरी दुनिया ने मेड इन इंडिया हथियारों की ताकत देखी.

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला द्वारा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तिरंगा फहराने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया. उन्होंने कहा कि इससे देश के नवाचार और वैज्ञानिक सामर्थ्य में नया उत्साह आया है. उन्होंने बताया कि 2014 में भारत फेजाइल-5 की स्थिति में था और वैश्विक अर्थव्यवस्था में दसवें स्थान पर था, लेकिन आज भारत तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है. देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, और महंगाई दर जो कभी डबल डिजिट में थी, अब 2 प्रतिशत पर है.

### शिवसेना के सांसद भाजपा के संपर्क में : गिरीश महाजन

**सोलापुर, 21 जुलाई.** महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री और भाजपा नेता गिरीश महाजन ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि विपक्षी खेमे के कई सांसद भाजपा के संपर्क में हैं. सोलापुर जिले के प्रसिद्ध पंढरपुर मंदिर में दर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, पहले चार सांसद हमारे संपर्क में थे, अब तीन और के जुड़ने की संभावना है. महाजन के अनुसार, ये सांसद विभिन्न दलों से हैं, लेकिन अधिकतर शिवसेना (यूबीटी) गुट से हैं. उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र में अब ठाकरे ब्रांड अपनी प्रासंगिकता खो चुका है.

### मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया विमान के फटे तीन टायर

**नयी दिल्ली,21 जुलाई.** सोमवार सुबह लगभग 9.27 बजे कोच्चि से मुंबई आ रहे एयर इंडिया के विमान (फ्लाइट संख्या एआई-2744) की लैंडिंग के दौरान बड़ा हादसा टल गया. भारी बारिश के चलते विमान छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे संख्या 27 पर फिसल गया. फिसलन के कारण विमान मुख्य रनवे से 16-17 मीटर आगे टैक्सीवे की ओर चला गया. हादसे में तीन टायर फट गए और इंजन बॉडी को भी नुकसान पहुंचा, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आईं. गनीमत रही कि इस हादसे में कोई यात्री घायल नहीं हुआ. यात्रियों के बीच भय का माहौल जरूर बन गया, लेकिन सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया. विमान को रनवे से हटाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया है. एयर इंडिया ने कहा कि यात्री और क्रू की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और विमान को ग्राउंडेड कर नियमानुसार तकनीकी जांच की जा रही है.

# ईडी सारी हदें पार कर रहा है : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, 21 जुलाई. उच्चतम न्यायालय ने एक मामले में कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं को तलब करने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जांच के तरीके पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि वह 'सारी हदें पार कर रहा है.'**



मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने ईडी द्वारा हाल ही में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने पर स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई करते हुए कई सख्त टिप्पणियां कीं और इस मामले (ईडी जांच) में दिशा-निर्देश बनाने का सुझाव दिया.

पीठ ने इस बात पर भी खेद व्यक्त किया कि इतने सारे मामलों में जहाँ उच्च न्यायालय ने सुविचारित आदेश पारित किए थे, ईडी केवल अपील दायर करने के लिए ही अपील दायर कर रहा है.

पीठ ने कहा, एक अधिवक्ता और मुवक्किलों के बीच संवाद विशेषाधिकार प्राप्त संवाद होता है. उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं? वे सारी हदें पार कर रहे हैं. सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अधिवक्ता दातार जैसे कानूनी पेशेवरों को हाल ही में ईडी द्वारा जारी किए गए नोटिस का वकालत के पेशे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. इस पर पीठ ने कहा कि दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए. अधिवक्ता ने तर्क पर क्रिया देते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि झूठे आख्यान गढ़कर संस्थाओं को बदनाम करने की कोशिश की गई है.

### जस्टिस वर्मा आपके मित्र नहीं कुछ शिष्टाचार रखिए : सीजेआई

**नयी दिल्ली, 21 जुलाई.** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक वकील द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के लिए सम्मानसूचक शब्द इस्तेमाल नहीं करने पर कड़ी आपत्ति जताई. मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा द्वारा अपनी याचिका शीघ्र सुनवाई का अनुरोध करते हुए सिर्फ उपनाम 'वर्मा' कहकर संबोधित करने पर नाराजगी जताई. पीठ ने वकील नेदुम्परा से आगे कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा अभी भी एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं. उन्हें 'न्यायमूर्ति' कहकर संबोधित किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा, क्या वह आपके मित्र हैं? वह अभी भी न्यायमूर्ति वर्मा हैं. आप उन्हें कैसे संबोधित करते हैं? थोड़ी शालीनता रखें.

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया इस्तीफा



**नयी दिल्ली,21 जुलाई. भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा कि वे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने के लिए यह कदम उठा रहे हैं. उनका इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 67( ए ) के तहत तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है.**

धनखड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्रिपरिषद का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि उन्हें संसद के सदस्यों से जो स्नेह और विश्वास मिला, वह उनके लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा. साथ ही उन्होंने अपने कार्यकाल को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत के आर्थिक और विकासात्मक परिवर्तनकाल का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात रही. धनखड़ का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब संसद का मानसून सत्र जारी है, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है कि अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा.




### दूसरी सवारी ▶ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदिर पहुंचकर किया पूजन

# बाबा महाकाल के चंद्रमौलेश्वर रूप में हुए दर्शन

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन, 21 जुलाई.उज्जैन में श्रावण मास में महाकाल की दूसरी सवारी सोमवार को नगर में धूमधाम से निकली. लाखों लोग सवारी देखने के लिए उमड़े. भगवान महाकाल ने चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर रूप में दर्शन देकर अभिभूत किया. इस सवारी से हाथी भी शामिल हो गया. चांदी के सिंहासन पर मनमहेश थे.**



मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी दूसरी सवारी में शामिल होने उज्जैन पहुंचे. उन्होंने मंदिर पहुंचकर पूजन किया. इसके बाद डमरू बजाकर सवारी का स्वागत भी किया. राजेश पुजारी, आकाश पुजारी ने उनका पूजन कराया. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला , मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी सवारी पूजन में शामिल हुए. शाम 4 बजे सवारी मंदिर से शुरू हुई. पहली बार पुलिस के बैंड ने सफेद रंग की ड्रेस में शामिल होकर धार्मिक धुन बजाकर सवारी मार्ग पर समा बांध दिया. मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने राजाधिराज महाकाल को सलामी देकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया. सवारी में आगे तोपची, घुड़सवार दल व भजन मंडलियां भी शामिल हुई. सवारी महाकाल चौराहा से निकलकर गुदरी, कहार वाडी से शिप्रा के रामघाट पहुंची जहां शिप्रा जल से भगवान का अभिषेक किया गया. इसके बाद रामानुजकोट, गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, ढाबारोड, छत्री चौक, गोपाल मंदिर से गुजरी. मार्ग में लाखों श्रद्धालु पलक पावड़े बिछाकर बाबा के दर्शन की एक झलक पाने के लिए आतुर नजर आए.

### रामघाट पर लोक नृत्य से कलाकारों ने मंत्रमुग्ध किया

सवारी में पहली बार नई थीम के चलते रामघाट पर विभिन्न प्रदेशों से आए लोक नृत्य कलाकारों ने प्रस्तुति देकर हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया. इनमें मध्य प्रदेश का मटकी नृत्य, राजस्थान का गणगौर, असम का बिहू, गुजरात का भवाई और कर्नाटक का पुल कोट्टम नृत्य की प्रस्तुति दी गई. सवारी का लाइव प्रसारण फेसबुक पर किया गया.